# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 179 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने नवनियुक्त मुख्य न्यायाधिपति श्री संजीव सचदेवा को शपथ ग्रहण के बाद पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं

### न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 29वें मुख्य न्यायाधिपति बने

**भोपाल** । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 29वें मुख्य न्यायाधिपति की शपथ मनोनीत न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा को दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गुरूवार को राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री पटेल और उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने नव नियुक्त मुख्य न्यायाधिपति श्री सचदेवा को शपथ ग्रहण के बाद पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने शपथ ग्रहण समारोह का संचालन किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा न्यायाधीश श्री संजीव सचदेवा को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधिपति नियुक्त किए जाने की अधिसूचना का वाचन किया। शपथ ग्रहण समारोह में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगार, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, हरियाणा के पूर्व राज्यपाल श्री कप्तान सिंह सोलंकी, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, लोकायुक्त श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, मुख्य सूचना आयुक्त श्री विजय यादव, सदस्य मानवाधिकार आयोग श्री राजीव टंडन, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री संजय शुक्ल, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, रजिस्ट्रार जनरल मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय श्री धरमिंदर सिंह, महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, जिला न्यायालय एवं बार के सदस्य, विभिन्न आयोगों के पदाधिकारी सहित जन प्रतिनिधि एवं शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश के आठ शहरों को विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पुरस्कारों से नवाजा गया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने किया सम्मानित

# "इंदौर फिर हुआ पुरस्कृत"



रणजीत टाइम्स »» गोपाल गावंडे

**भोपाल ।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर सहित मध्यप्रदेश के साथ अन्य शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कारों से सम्मानित किया। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर और राज्य मंत्री श्री तोखन साहू भी उपस्थित थे। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने राज्य की तरफ से पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर पुरस्कृत शहरों के महापौर और निगम अधिकारी मौजूद थे।

इंदौर को एक बार फिर 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाली श्रेणी में स्वच्छ लीग अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ शहर से पुरस्कृत किया गया। इसी श्रेणी में 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में उज्जैन को सर्वश्रेष्ठ शहर का पुरस्कार प्राप्त हुआ। शहरों की श्रेणी में 20 हजार से कम आबादी वाली जनसंख्या वाले शहरों में बुधनी सर्वश्रेष्ठ रहा।



## "राजधानी भोपाल को स्वच्छ शहर का पुरस्कार"

राजधानी भोपाल को 10 लाख से अधिक जनसंख्या की श्रेणी में स्वच्छ शहर का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसी श्रेणी में 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वाले शहरों में देवास को प्रथम पुरस्कार और 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में शाहगंज को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार सफाई मित्र सुरक्षित शहर की श्रेणी में जबलपुर को पुरस्कृत किया गया है और ग्वालियर को प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर से पुरस्कृत किया गया।

### प्रदेश के अन्य शहरों ने भी परचम लहराया

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर 5वें और ग्वालियर 14 वें स्थान पर आया है। प्रदेश के 203 शहरों को स्टार रेटिंग प्रमाणीकरण मिला, जिसमें विगत वर्ष के 157 शहरों से 12% अधिक शहरों ने स्टार रेटिंग प्राप्त की। सर्वेक्षण में भोपाल, इंदौर, जबलपुर को 7 स्टार, देवास, रीवा और सतना को 5 स्टार रैंक प्राप्त हुई है। प्रदेश के 36 शहरों को 3 स्टार और 161 शहरों को एक स्टार रैंक मिली है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने प्रदेश के शहरों का स्वच्छता के मामले में श्रेष्ठ प्रदर्शन को सफाई मित्रों की मेहनत का फल बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों को सफाई के मापदण्ड पर उच्चतम स्थान देने के प्रयास किये जायेंगे।

## इंदौर बना स्वच्छता सुपर लीग में भी नंबर वन

**रणजीत टाइम्स-अनिल चौधरी**

शहर ने रचा नया इतिहास, फिर साबित किया स्वच्छता में अपना दबदबा इंदौर ने एक बार फिर देशभर में स्वच्छता का परचम लहराया है। स्वच्छता सुपर लीग की कड़ी प्रतिस्पर्धा में भी इंदौर नंबर वन बना, हर कसौटी पर श्रेष्ठता साबित करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

### इस गौरवमयी उपलब्धि के पीछे है

- »» जनप्रतिनिधियों की सतत मॉनिटरिंग
- »» नगर निगम के अधिकारियों की कर्मठता
- »» सफाई मित्रों का अथक परिश्रम
- »» और नागरिकों की सामूहिक सहभागिता

यह केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि इंदौरवासियों की आदत बन चुकी स्वच्छता की संस्कृति की जीत है। इस सफलता ने इंदौर की स्वच्छता गाथा में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। अब इंदौर सिर्फ "नंबर वन" नहीं, बल्कि सुपर लीग का सरताज बन चुका है।

### इंदौर- स्वच्छता का गुरु

इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर समस्त शहरवासियों, नगर निगम टीम, सफाई मित्रों और नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

# शाह शक्ति सामाजिक संगठन प्रदेश अध्यक्ष बालोदिया पहुंचे ग्राम इकलेरा, हुआ स्वागत

**देवास।** शाह शक्ति सामाजिक संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष प्रेम बालोदिया पहली बार अपने दायित्व ग्रहण करने के बाद देवास जिले के दौरे पर पहुंचे। इस अवसर पर वे कांटाफोड़ क्षेत्र के इकलेरा गांव में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने श्री बालोदिया का पुष्प मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें प्रदेशाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। श्री बालोदिया ने वहां उपस्थित महिलाओं और पुरुषों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान संदीप दीक्षित, रमेश डामर, अमजद अली और शिव रायपुरिया सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। ग्रामीणों ने श्री बालोदिया की नियुक्ति को समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया। श्री बालोदिया को संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा प्रदेशाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, कार्यकारिणी प्रमुख प्रदीप बहल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री संदीप, व विशेष कानूनी सलाहकार डॉ. गर गर द्वारा संयुक्त रूप से की गई। उनकी समाज सेवा, ईमानदारी और प्रभावशाली कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह पद प्रदान किया गया।



# रितिक गर्ग भटनावर वाले बने भाजपा पुरानी शिवपुरी के मंडल उपाध्यक्ष



**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी। भारतीय जनता पार्टी के पुरानी शिवपुरी मंडल में संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत ऋतिक गर्ग को भाजपा पुरानी शिवपुरी के मंडल उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल अध्यक्ष की ओर से जारी सूची में रितिक गर्ग का नाम भाजपा पुरानी शिवपुरी के मंडल उपाध्यक्ष के रूप में घोषित किया गया। रितिक गर्ग लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं।

उन्हें समन्वय और में अनुभव है, जिससे पार्टी की योजनाएं और गतिविधियां और वही। भारतीय जनता पार्टी की पुरानी शिवपुरी मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। घोषित सूची में उपाध्यक्ष से लेकर प्रचार मंत्री तक के पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

घोषित कार्यकारिणी में नरेंद्र शर्मा, होतम सिंह पाल, श्रीमती कल्पना सोनी, पंकज राठौर, रितिक गर्ग एवं रिंकेश अग्रवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महामंत्री पद की जिम्मेदारी सुधीर प्रताप आर्य और बलवीर सिंह यादव को सौंपी गई है। वहीं मंत्री पद पर श्रीमती राजकुमारी परिहार, श्रीमती सावित्री जाटव, श्रीमती मुनि शर्मा, मोनू भार्गव,

बीजेपी अभिषेक गुप्ता एवं श्री अजीत रजक को नियुक्त किया गया है।

कोषाध्यक्ष के रूप में श्री हरिओम शर्मा और सह-कोषाध्यक्ष के रूप में श्रीमती सुरभि अग्रवाल को जिम्मेदारी मिली है।

कार्यालय मंत्री श्री सुरेन्द्र कुशवाह तथा सह-कार्यालय मंत्री श्री धर्मेन्द्र त्यागी बनाए गए हैं।

मीडिया प्रभारी उत्कर्ष भार्गव तथा सह-मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र रजक हैं। सोशल मीडिया प्रभारी की भूमिका जितेन्द्र नामदेव निभाएंगे, जबकि सह-प्रभारी श्री ऋतिक खरें होंगे। आई.टी. सेल प्रभारी हर्ष जैन तथा सह-प्रभारी नरेन्द्र सोलंकी होंगे। प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी बृजेंद्र यादव को मिली है और सह-प्रचार मंत्री श्रीमती सलीम खान को नियुक्त किया गया है। भाजपा पुरानी शिवपुरी मंडल द्वारा घोषित इस कार्यकारिणी में अनुभव और संगठन निष्ठ अनुभवी व्यक्तियों को जगह मिलने से अवश्य ही संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद

## सन्तोष वर्मा को नगर परिषद में केश शिल्पी प्रतिनिधि नियुक्त किया


**संजय प्रेम जोशी**



हाटपिपल्या मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा द्वारा मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले की नगर निगम ,नगर परिषद, नगर पालिकाओं में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। नगर परिषद हाटपिपल्या में संतोष वर्मा को केश शिल्पी बोर्ड का नगर परिषद में प्रतिनिधि नियुक्त किया गया श्री संतोष वर्मा को जन परिषद चैप्टर हाटपीपल्या के अध्यक्ष संजय प्रेम जोशी ने बधाई दी साथ ही चेतन रघुवंशी, हरेंद्र सेंधव , एवं अंतर चौधरी आदि ने बधाई दी।

### स्वच्छता में नंबर वन इंदौर

# आज राजवाड़े पर मनेगा उत्सव



85 वार्डों में मनेगा जश्न, सफाई मित्रों का होगा सम्मान, मिठाई वितरण भी होगा। इंदौर। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर को शीर्ष पुरस्कार प्रदान किए जाने पर कल 18 जुलाई सुबह 10 बजे राजवाड़ा पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं, पार्षद गण की उपस्थिति में स्वच्छता पुरस्कार का उत्सव जश्न मनाया जाएगा। श्री मिश्रा ने इंदौर की आम जनता से भी स्वच्छता के उत्सव-जश्न में शामिल होने की अपील की है। इस अवसर पर इंदौर नगर निगम के सभी 85 वार्डों में सफाई मित्रों का सम्मान भी किया जाएगा तथा मिठाई वितरण एवं आतिशबाजी भी की जाएगी।

रणजीत टाइम्स



# इंदौर एयरपोर्ट पर श्री विजयवर्गीय का आत्मीय स्वागत

**इंदौर ने आठवीं बार स्वच्छता रैंकिंग में प्राप्त किया शीर्ष स्थान- भोपाल सर्वश्रेष्ठ राजधानी एवं उज्जैन, देवास, बुधनी, ग्वालियर, शाहगंज को विभिन्न श्रेणियां में सम्मान मिलना गर्व का बात**
**- श्री कैलाश विजयवर्गीय**

**मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में इंदौर व मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक उपलब्धि- सुमित मिश्रा**

आदित्य शर्मा







इंदौर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ-साथ उनका स्वच्छता अभियान भी प्रदेशवासियों के मन में बस गया है। प्रत्येक शहर और नगर में स्वच्छता के लिए जिस तरह की प्रतीस्पर्धा दिखाई दे रही है, जिस स्तर के प्रयास किए जा रहे हैं, उनसे यह प्रकट हो रहा है कि मध्यप्रदेश के लोगों ने प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता के आह्वान को पूरी गंभीरता से लिया है और इस दिशा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में समर्पित होकर काम भी कर रहा हैं। मध्य प्रदेश के नगरी प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गी ने इंदौर के 8वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने, उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार एवं भोपाल देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के साथ ही 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर एवं विभिन्न श्रेणियों में ग्वालियर, देवास, शाहगंज और जबलपुर स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन को ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय , इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव , सफाई मित्रों व इंदौर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री विजयवर्गीय व महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में टीमवर्क ने काम किया है। स्वच्छता का जो संकल्प हमने लिया है, उसमें मध्यप्रदेश सरकार कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस तरह से स्वच्छता अभियान हाथ में लिया और स्वयं उस अभियान में हिस्सेदारी की, उसने मध्यप्रदेश तथा विशेषकर इंदौर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आंदोलित कर दिया, इंदौर के साथ ही जिस तरह से राजधानी भोपाल तथा प्रदेश के अन्य नगरों ने स्वच्छता की रैकिंग में सुधार करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। इस अवसर पर इंदौर एयरपोर्ट पर श्री कैलाश विजयवर्गीय का स्वागत भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, विधायक श्री रमेश मेंदोला,श्री सुधीर कोले, श्री आलोक दुबे, श्री दीपक जैन टीनू,श्री राजेंद्र राठौड़, श्री चंदू शिंदे, श्री निरंजन सिंह चौहान, श्री कमल वाघेला, श्री अशोक चौहान चादू, श्री हरप्रीत सिंह बक्शी, श्री नंदकिशोर पहाड़िया, श्रीमती मुद्रा शास्त्री आदि उपस्थित थे।

# साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा-श्रद्धा, सेवा और समाज का संगम

दीपक वाडेकर, सह-संपादक







स्थानः लवकुश आवास विहार, सुखलिया | अवसरः साईं बाबा मंदिर स्थापना दिवस (26वां वर्ष) साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा में सहभागी होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह न सिर्फ एक धार्मिक यात्रा थी, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कृति और श्रद्धा की भी सजीव झलक थी। सुबह 8 बजे शुरू हुई यह यात्रा पूरे सुखलिया क्षेत्र में घूमते हुए साईं बाबा मंदिर पर सम्पन्न हुई। रास्ते भर श्रद्धालु नाचते-गाते, "साईं राम" के जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे।

जगह-जगह मंच सजाकर पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया गया, जो भक्तों की भावना और आयोजन की भव्यता को दर्शाता है। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, समाजसेवी मिलिंद डिगे, नितिन बामदले, पांडु खंडागले सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। सह संपादक के रूप में जब इस यात्रा में सम्मिलित होने का अवसर मिला, तो लगा कि मीडिया का कार्य केवल समाचार देना नहीं, बल्कि समाज के साथ चलना और उसकी आत्मा को महसूस करना भी है। रणजीत टाइम्स हमेशा ऐसे आयोजनों में न केवल रिपोर्टिंग करता है, बल्कि समाज के साथ जुड़कर हर भाव को अपनी कलम से सजीव करता है। विशेष झलकियाँ और श्रद्धालुओं की अभिव्यक्ति मेरी अगली रिपोर्ट में...

# आवारा कुत्ते भी हमारे समाज का हिस्सा हैं





गोपाल गावंडे » रणजीत टाइम्स

**प्रधान संपादक**

आज का इंसान तरक्की की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बदलते समय के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है, लोग अब कचरा खुले में नहीं फेंकते – हर घर की चार पहिया गाड़ी से कचरा सीधे डस्टबिन या कचरा वाहन तक पहुँच रहा है। यह एक स्वागतयोग्य बदलाव है, लेकिन इसके कुछ अनदेखे परिणाम भी हैं। कभी हमारे मोहल्ले की गलियों में बिखरा खाना ही उन आवारा कुत्तों का सहारा होता था, जिनकी न तो कोई भाषा है, न ही कोई आवाज़ सुनी जाती है। आज वे भूखे घूमते हैं – उन्हें ना तो बचा हुआ खाना मिलता है, ना ही कोई देखने वाला।

क्या हम इतने आत्मकेंद्रित हो गए हैं कि अपने आसपास के बेजुबानों की भूख और पीड़ा नहीं देख सकते?

आइए, इस बदलते दौर में सिर्फ इंसान नहीं, इंसानियत को भी बचाएं।

मोहल्लों में एक कटोरी भोजन या रोटी कुछ बचे हुए चावल या दूध या हफ्ते में एक दिन थोड़ा अतिरिक्त खाना ये छोटी-छोटी पहल उन कुत्तों के लिए जीवनदान बन सकती है। जैसे पेड़-पौधे और पक्षी हमारे पर्यावरण के हिस्से हैं, वैसे ही ये आवारा पशु भी हमारे मोहल्लों, हमारी सभ्यता का हिस्सा हैं। इनकी देखभाल हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है और संवेदनशीलता भी। "वो बोल नहीं सकते, पर उनकी भूख, पीड़ा और विश्वास हमें सब कुछ कह जाता है।"

आइए, एक निवाला उनके नाम भी...

# 'सत्यम् वदं प्रियम् वदं' वेद वाक्य को प्रमाणित करता है सहजयोग



जीवन में आसपास देखने पर हम पाते हैं कि हर सफल व्यक्ति अपनी मधुर वाणी और कोमल व्यवहार से ही जाना जाता है। व्यापार ही नहीं जीवन के हर क्षेत्र में मधुर और सच्चा व्यवहार एक चमत्कारिक औषधि की तरह काम करता है। मधुर व्यवहार से सभी हमारे अपने हो जाते हैं। मधुर वाणी व व्यवहार के बिना तो व्यापार की कल्पना तक करना बेकार है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सफलता प्राप्त करने के लिए मधुर व्यवहार सीखना चाहिए। लेकिन क्या मधुर व्यवहार सीखा जा सकता है? बिलकुल नहीं... बल्कि मधुर व्यवहार तो हमें अपने अंदर से पैदा करना होगा। वेद वाक्य 'सत्यम् वदं प्रियम् वदं' एक साधना से कम नहीं है। लोग सही बात को इतने कड़वे ढंग से बोलते हैं कि सुनने वाला तहस नहस हो जाता है और कहा ये जाता है कि हम तो सत्य बोल रहे हैं, और सत्य कड़वा ही होता है। पर यह सही नहीं। बात कड़वी है तो भी अभिव्यक्ति सरलता से, मधुर वाणी से हो तो प्रभाव अच्छा पड़ता है। तर्क यह भी होता है कि दवाई भी कड़वी होती है तभी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती है। परंतु जीवन में लोगों को सत्यवचन भी मधुरता के साथ कहने चाहिए नहीं तो उसका उल्टा असर होता है। सामने वाला व्यक्ति आपको समझे यह जरुरी नहीं वो दुश्मन तक बन जाता है। कहा जाता है कागा काको धन हरे, कोयल काकू देत... तुलसी मीठे वचन ते जग आपनो करि लेत। यानि कौवा किसका धन लूटता है फिर भी लोग उसको अपनी मुंडेर पर नहीं बैठने देते हैं। वहीं कोयल किसी को कुछ नहीं देती फिर भी लोग कोयल का स्वागत करते हैं, यह चमत्कार सिर्फ मधुर वाणी का ही है।

कहते हैं कि जीवन में चेहरे की खूबसूरती की भूमिका मात्र दस प्रतिशत होती है, पर वाणी की खूबसूरती की भूमिका नब्बे प्रतिशत होती है। इसलिए शब्दों को संभालकर बोलने की कला स्वंय में जागृत करें। शब्द मात्र शब्द ही नहीं होते मंत्र सम होते हैं। मधुर वाणी हमारे अंतस में सूक्ष्म शरीर के विशुद्धि चक्र से अंदर स्वयमेव जागृत होता है। जब हम सहज पद्धति से ध्यान करते हैं तब अन्य कई गुणों के साथ मधुर संवाद का गुण भी हमारे अंदर प्रस्थापित होता है। कुंडलिनी शक्ति का जागरण जो पहले असाध्य था अब सहज योग के माध्यम से सहज है। शुद्ध इच्छा के साथ हाथ फैलाकर बैठना है, बहुत सहजता से कुंडलिनी जागृत होती है, उपर की ओर उठती है और रीढ़ की हड्डी में स्थित हर चक्र को प्रकाशित करती जाती है। जब गले में स्थित विशुद्धि चक्र जागृत होता है हमें मधुर वाणी की सौगात मिलती है। ( 28 अप्रेल, 1991 ) के एक प्रवचन में श्री माताजी ने स्पष्ट करते हुए बताया है कि, 'आपको कैसे बात करनी चाहिए, आपको कब उठना चाहिए, कब सोना चाहिए, सब कुछ बदल जाएगा यदि आप वास्तव में इस तथ्य से अवगत हो जाते हैं कि आप सर्वशक्तिमान ईश्वर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो विवेक का स्रोत है। विवेक में आप बहुत सी चीजें सीखेंगे। पहली है सहनशीलता - "यह सब ठीक है। हम इसे हल कर लेंगे। यह काम करेगा।" आप सीखेंगे कि वह प्रेम क्या है जो अलग है। आप सीखेंगे कि वह हास्य क्या है जो गुदगुदाता है, लेकिन चोट नहीं पहुँचाता है। आप यह भी सीखेंगे कि अपने व्याख्यानों में क्या कहना है, क्या सुनना है। और सभी चीजों में से, आप यह जानेंगे कि सर्वशक्तिमान ईश्वर के दर्शन को कैसे पूरा किया जाए।' सहज योग जो सर्वथा निशुल्क है। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# फरियादी को रास्ता दिखाने के नाम पर उसके साथ लूट करने की घटना का, पुलिस थाना खजराना ने किया पर्दाफाश

**लूट करने वाले तीनो आरोपियों को खजराना पुलिस ने कुछ ही समय में धर–दबोचा**

### आरोपियों से लूटा गया मोबाइल, पर्स व नगदी आदि माल बरामद।

इंदौर- शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु बदमाशो के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशो के अनुक्रम में क्षेत्र में संपत्ति संबंधी अपराध एवं डकैती, लूट करने वाले आरोपियों के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही के लिए एडीशनल डीसीपी श्री अमरेन्द्र सिंह एवं एसीपी श्री कुंदन मंडलोई के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी खजराना द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार रिंगरोड से लगे आउटर कालोनीयो, भीड़ भाड़ वाले स्थानें , रहवासी संस्था, मल्टी में चोरी व नकबजनी एवं लूट आदि घटनाओं पर अंकुश लगाने के टीम बनाकर कार्यवाही हेतु लगाया गया था।

घटना का संक्षिप्त विवरण – फरियादी आशुतोष पिता प्रदीप पूरी गोस्वामी निवासी 309 गोकुलधाम कॉलोनी थाना बोधरी एमपी नगर भोपाल ने आज दिनांक 16/07/2025 को थाना हाजिर होके बताया कि में आज दिनांक को 16/07/2025 की सुबह 5.00 बजे पैदल पैदल विजय नगर से रेडिसन चौराहे पर पहुंचा जहां तीन लड़के खड़े हुए थे उन्होंने मुझसे पानी की बाटल मांगी तो मैंने



दे दी तत्पश्चात मेने इन तीनों लड़के से पूछा कि केक कहां मिलेगा तो तीनों बोले कि रोबोट चौराहे पर मिलेगा चलो हम केक दिला देते हे तो में तीनों के साथ रेडीशन चौराहे से रोबोट चौराहे तक पैदल पैदल चले गया। तीनों मुझे शुभ लाभ टावर के पास खाली मैदान में बने खंडहर बिल्डिंग में ले गये ओर बोले कि यहां से शार्टकट रास्ता है और उस तरफ बेकरी है तभी उन्होंने मुझे पकड़ लिया और मेरा मोबाइल एवं मेरा पर्स लेकर भाग गए। उक्त घटना में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना खजराना में अपराध क्रमांक 571/25 धारा 309(4),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को देखकर अज्ञात आरोपी के मिले फुटेज के आधार पर उसे ज्ञात किया। जिसमें मुखबिरी सूचना मिली कि उक्त आरोपी वाघेला गार्डन के पास खड़े हे तत्पश्चात थाना प्रभारी खजराना द्वारा तत्काल एक टीम बनाकर आरोपी को राउण्डअप करने के लिए रवाना करा जो पुलिस को देखकर वहां से भागने लगा और इसी दौरान पुलिस ने उसे राउण्डअप कर हिरासत में लिया।

**आरोपी ने अपना नाम –**

1. गिल्लु उर्फ सुमित पटेल उम्र 20 साल निवासी मुमताज बाग कॉलोनी खजराना इंदौर ( आरोपी तीसरी तक पड़ा हे एवं ब्लिंकिट में पार्सल डिलीवरी का कार्य करता है )
2. लड्डू उर्फ सुमित चौहान उम्र 19 साल निवासी मुमताज बाग कॉलोनी खजराना इंदौर ( आरोपी दसवीं तक पड़ा हे एवं सैलून का कार्य करता हे )
3. बाल अपचारी।

जपतशुदा मशरूका :–
1. फरियादी का 01 मोबाइल।
2. 01 पर्स जिसमें यूनियन बैंक का एटीएम व नगदी 7000 रुपए।

आरोपी गिल्लु उर्फ सुमित के अपराधिक रिकॉर्ड –
1. थाना खजराना के अपराध क्रमांक 798/2023 की धारा 380

आरोपीयो को हिरासत में लेकर जब उनसे पूछताछ की तो उनके द्वारा बताया कि वे अपने शौक पूरे करने के लिए लूट की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपियों से थाना क्षेत्र की एवं अन्य दीगर थानों की लूट की वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव, उनि.अनिल गौतम , सउनि गणेश मुजाल्दे, प्रआर.अजीत यादव, नरेश चौहान आर.शुभम सिंह , जबर सिंह, विकास शर्मा , विष्णु भदौरिया एवं प्रदीप सूर्यवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

# नशा मुक्ति जन जागृति अभियान नशे से दूरी हैं जरूरी

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। बुधवार को थाना एम.जी. रोड पुलिस इंदौर द्वारा सांदीपनी शिवाजी राव महाराज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सबनिश बाग में एक कार्यशाला आयोजित की गई, सर्वप्रथम थाना एम.जी. रोड के जिसमें एसीपी कोतवाली एवं थाना प्रभारी एमजी रोड के द्वारा बच्चों को नशा व नशा करने से होने वाली हानि के संबंध में अवगत कराया गया जिसमें करीब 400 बच्चों ने भाग लिया।

जिसमें बच्चों से प्रश्न किए गए एवं उनसे उत्तर लिए गए बच्चों के द्वारा भी जिज्ञासपूर्वक प्रश्न किए गए प्रश्नोत्तरी कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक किया गया उक्त कार्यशाला में ए.सी.पी. कोतवाली विनोद कुमार दीक्षित



एवं थाना प्रभारी एम जी रोड विजय सिंह सिसोदिया द्वारा उपस्थित स्कूल के करीब 400 बच्चों को नशा व नशा करने से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्परिणाम के संबंध में बताया कि किस प्रकार नशा करने वाले व्यक्ति को बीमारियां घेर लेती है, समाज में प्रतिष्ठा नष्ट हो जाती है और नशे की लत से परिवार बर्बाद हो जाते हैं। नशा गृह क्लेश का कारण बनता है और कई बार नशा बड़े विवाद का कारण भी बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हमें नशे से दूर रहते हुए अपने परिवार के लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सभी बच्चों को नशे से दूर रहने और देश को नशा मुक्त बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य ,उप प्राचार्य , व अन्य स्कूल स्टाफ, ए.सी.पी. कोतवाली विनोद कुमार दीक्षित,थाना प्रभारी एम जी रोड थाना एम जी रोड से उप निरीक्षक दीपक कामले व अन्य स्टाफ के लोग उपस्थित थे ...

# मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरुकता अभियान

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। पुलिस द्वारा संचालित जागरुकता अभियान नशे से दूरी है जरुरी के संबंध में थाना लसूडिया क्षेत्रांर्गत स्थित शासकीय हाईस्कूल लसूडिया मोरी जिला इंदौर में आयोजित किया गया जिसमें विध्यालय के 300 छात्र-छात्राऐं एवं विध्यालय के प्राचार्य श्री भूषण सराफ, सुरक्षा मिश्रा, ज्योति रोडे, मनीषा जैन, मनीषा व्यास आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे, उपस्थित बालक/बालिकाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया पंपलेटों का वितरण किया गया एवं बालक/बालिकाओं को घर-परिवार के अन्य सदस्यों को भी नशे से दूर रहने के संबंध में जागरुक किया गया। विध्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ को भी समय-समय पर नशामुक्ति के संबंध में अपने स्तर पर जागरुकता अभियान चलाये जाने के लिये बताया गया। विध्यालय के



समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नशामुक्त होने का संकल्प दिलाया गया। जिसमें थाना लसूडिया नगरीय इंदौर की ओर से थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी,उप निरीक्षक सोमनाथ मौर्य,उप निरीक्षक निधी मित्तल,प्रआर भीमसिंह ठाकुर,आर,वीरेन्द्र शर्मा, रामकुमार, आकश त्रिवेदी, सैनिक शैला जाधव आदि उपस्थित रहे।

# निशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन

रणजीत टाइम्स




मक्सी/समाजसेवी संस्था लायंस क्लब मक्सी द्वारा मक्सी में निशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन स्वर्गीय डॉक्टर हेमचंद जैन की स्मृति में गुरुकृपा पैथोलॉजी लैब, नया बाजार मक्सी पर आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में रोगियों ने अपनी शुगर जांच करवाकर उसका लाभ लिया। इस मौके पर समाजसेवी संस्था लायंस क्लब मक्सी के अध्यक्ष लायन मयंक काबरा, सचिव लायन श्रीधर माहेश्वरी, वरिष्ठ सदस्य लायन ओम प्रकाश शर्मा, लायन मानी शंकर नागर, लायन भरत परमार, लायन डॉ सचिन भंडारी, लायन शीला पटेल आदि उपस्थित रहे। इस शिविर में लायन सदस्य और गुरुकृपा पैथोलॉजी लैब के सुरेन्द्र जी पटेल ने अपनी निशुल्क सेवा प्रदान की।

# इस्कॉन की जगन्नाथ रथयात्रा प्रभारी हरि अग्रवाल का विभिन्न संगठनों द्वारा सम्मान

रणजीत टाइम्स



इंदौर।बिजासन रोड स्थित प्राचीन अखंड धाम आश्रम पर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप महाराज के सानिध्य में समाजसेवी एवं आश्रम समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल का सम्मान किया गया। खंडवा रोड स्थित अखंड परम धाम आश्रम समिति, श्रद्धा सुमन सेवा समिति एवं सत्यम साक्षी समाज सेवा संस्था की ओर से अग्रवाल को इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा के सफल एवं प्रभावी आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विष्णु बिंदल, विजय गोयल, विजयसिंह परिहार, न्यायमूर्ति सत्येन्द्र जोशी, किशोर गोयल, शैलेन्द्र मित्तल, फतेहपुरिया समाज के सज्जन गर्ग, प्रेमनारायण सांगानेरिया, सीए विजय गोयनका, राजेन्द्र मित्तल, सांई भक्त राजेन्द्र गर्ग, राजेन्द्र सोनी, डॉ. चेतन सेठिया, श्रीमती सीमा सेन, रामचंद्र दुबे एवं गोपाल अग्रवाल ने उन्हें शाल-श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। अग्रवाल ने इस्कॉन मंदिर की जगन्नाथ रथयात्रा के श्रेय सभी भक्तों को देते हुए इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभुजी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और जुलूस में सहयोग देने वाले सभी संगठनों, व्यक्तियों एवं भक्तों के प्रति मंगल भाव व आभार व्यक्त किए।

# नशा मुक्ति के बारे में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

रणजीत टाइम्स



मक्सी/थाना प्रभारी मक्सी भीम सिंह पटेल व स्टाफ द्वारा तिलक हायरसेकेंडरी एवं फेम गुरुकुल स्कूल में नशा मुक्ति अभियान के दौरान बच्चों को नशे की बुराइयों के बारे में बताया गया और नशे से मुक्त होने और रहने की शपथ दिलवाई गई स्कूल डायरेक्टर अखिलेश मंडलोई प्राचार्य जॉनसन डेविड मौजूद थे तत्पश्चात हाई सेकेंडरी स्कूल में पहुंचकर वहां पर भी बच्चों को नशा मुक्ति इत्यादि के बारे में बताए गए ऐसा अवसर पर संकुल प्राचार्य पदमसिंह देथलिया, प्राचार्य शैलेश टीना खुजूर और स्कूल स्टाफ जन उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया से मिले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजपूत

रणजीत टाइम्स

शाजापुर/अखिल भारती लोधी लोध राजपूत समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दादा रामगोपाल सिंह राजपूत ने दिल्ली में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से मुलाकात कर उन्होंने उनसे चर्चा की आपको बता दें कि श्री रामगोपाल सिंह राजपूत द्वारा केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के कट्टर समर्थक माने जाते हैं आपको बता दें कि मध्यप्रदेश में आने वाले कुछ समय में निगम मंडलों में नियुक्ति होनी है इस सिलसिले में अखिल भारतीय लोधी लोध राजपूत समाज द्वारा दादा रामगोपाल राजपूत को भी निगम मंडल में नियुक्त करने की मांग की जा रही है आपको बता दें कि वह निरंतर समाज से जुड़े रहते हैं एवं सभी धर्म को लेकर साथ चलने वाले ऐसे सम्मानित दादा रामगोपाल सिंह राजपूत को निगम मंडल में नियुक्ति की मांग समाज द्वारा केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया से की जा रही है वहां निरंतर दिल्ली प्रवास पर श्री सिंधिया से मुलाकात कर की सेवा कार्य में लगे रहते हैं इस अवसर पर उनके साथ में कई राजनीतिक एवं सामाजिक लोग भी मौजूद थे उपरोक्त जानकारी अखिल भारतीय लोधी लोध राजपूत महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता लोधी राधेश्याम देवड़ा पत्रकार द्वारा दी गई।



# मातृशक्ति आस्था एवं भोले के भक्तो के उत्साह के साथ 21 जुलाई को निकलेगी श्री जन्मेजय महादेव कावड़ यात्रा

रणजीत टाइम्स



नागदा जं. I हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति के साथ मातृशक्ति श्री की अगुवाई में तीन दिवसीय जन्मेजय महादेव कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा बिना किसी राजनीतिक संरक्षण के केवल सद्‌गुरु महाराज की कृपा और मातृशक्ति की धर्मनिष्ठ आस्था से संपन्न होती है। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह यात्रा 21 जुलाई को प्रातः 8 बजे श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, चंबल तट, नागदा से प्रारंभहोगी और उज्जैन स्थित बाबा महाकालेश्वर मंदिर तक जाएगी।

तीन दिवसीय इस यात्रा में श्रद्धालु जल कलश लेकर पदयात्रा करते हुए धार्मिक स्थलों से होते हुए महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेंगे। यात्रा का प्रथम रात्रि विश्राम उन्हेल स्थित धाकड़ धर्मशाला और दूसरा 'रात्रि विश्राम सोडंग स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में होगा। 23 जुलाई को श्रद्धालु उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे, जिसके बाद यात्री सुविधा अनुसार वापसी करेंगे।

## यात्रा की विशेष शर्त

आयोजकों ने इस कावड यात्रा में एक विशेष नियम तय किया है कि इस यात्रा में केवल वही पुरुष श्रद्धालु शामिल हो सकेंगे, जिनके परिवार से कोई मातृशक्ति सहभागी होगी। यह निर्णय मातृशक्ति के योगदान को सम्मान देने और धर्म में महिलाओं की सहभागिता को प्राथमिकता देने की भावना से लिया गया है।

आयोजन समिति ने समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। नीतू नरेंद्र रघुवंशी, रानी व्यास, जय श्री भाटी, सुमन दत्त ,हिमांशी चंदेल, संतोष सोलंकी, संतोष परमार, नरेंद्र रघुवंशी आदि ने इस यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

# किसानों को नही मिल रहा खाद समस्या सुन मौके पर पहुंचे आप जिला अध्यक्ष, ग्रामीणों ने बताई अपनी समस्या

**खाद के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण जन समय पर नहीं मिल पा रहा खाद**

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । बरसात की शुरुआत होते ही । किसान अपनी खेती में व्यस्त हो जाता है । झाबुआ जिले में अधिकांश ग्रामीण खेती किसानी से ही अपना जीवन यापन करते है । प्रतिवर्ष बारिश की शुरुआत के साथ ही किसान जुताई बोनी मैं वयस्त हो जाते है । उसी के बाद उन्हें फसलों के लिए खाद बीज की आव्यस्कता होती है । लेकिन हर बार ग्रामीण जन को खाद बीज के लिए परेशान होना पढ़ता है । इस बार भी यही शिकायत देखने को मिल रही है । झाबुआ जिले के मिंडल में खाद का गोदाम स्थित है । जहा किसानों को खाद नहीं मिल रहा था । जिसकी सूचना आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष कमलेश सिंगाड़ को मिली ।

कमलेश सिंगाड़ मौके पर पहुंचे व ग्रामीणों की समस्या सुनी । झाबुआ के ग्राम मिंडल पर स्थित खाद गोदाम पर किसानों को खाद नही मिलने की शिकायत पर तुरंत मोके पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे आप जिला अध्यक्ष कमलेश सिंगाड ने गोदाम प्रभारी गजराज सिंह चौहान को कॉल कर किसानों को खाद वितरण का निवेदन किया । उसके बाद में किसानों को खाद वितरण किया गया ! कमलेश सिंगाड ने किसानों की समस्या को देखते हुवे कृषि उप संचालक जिला झाबुआ के रावत सर को कॉल कर किसानों के लिए खाद की मात्रा बढ़ाने को कहा गया एवं गोदाम पर बरसात के पानी से भीगने से बचने के लिये पतरे के शेड लगाने का निवेदन किया साथ ही झाबुआ जिले के हर ब्लॉक में खाद गोदाम खोलने का निवेदन किया जिससे किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो सके कृषि उप संचालक ने सभी मांगो को जल्द पूरा करने का आश्वाशन दिया गया ! यह उक्त जानकारी कमलेश सिंगाड़ द्वारा दी गई ।




बड़ा सवाल उठता है प्रतिवर्ष खाद के लिए इस तरह किसान परेशान होते रहते है । बाजार में खाद की कीमत में बढ़ोतरी कर दी जाती है । वही बड़ी किमतो में भी किसानों के लिए खाद की पूर्ति नहीं हो पाती है । आदिवासी जिला है झाबुआ ,जहा प्रशासन को जानकारी है कि यहां खेती किसानी पर ही यहाँ के ग्रामीण जन रहते है । फिर प्रशासन खाद के लिए कोई ठोस कदम क्यों नही उठाता है ।

**ग्रामीण जुवांसिंग सिंगाड़**

ग्रामीण जुवानसिंह सिंगाड़ ने बताया की हमे खाद के लिए बहुत परेशान होना पड़ रहा है । हम यहा मिडल में स्थित खाद गोदाम पर सुबह से खड़े है । बारिश के कारण हमे यहां खड़े रहने को भी जगह नहीं मिल रही है । और ना ही खाद । हमारा सरकार से निवेदन है की हमारी समस्याओं को जल्द से जल्द पूरा करे ।

**आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष**

आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष ने बताया खाद के लिए हम आदिवासी लगातार परेशान रहते आए और अभी भी हो रहे है । मेरी समस्त कृषि विभाग के अधिकारियों से बात हुई है । उन्होंने आश्वासन दिया है । अगर समाधान नहीं होता है तो उग्र आंदोल कर हम अपनी मांग को रखेंगे ।

# किये कर्म को नहीं भोगना हो तो धर्म और तप करें-संयतमुनिजी म.सा.

**रणजीत टाइम्स**

**नागदा जं. I मीडिया प्रभारी नितिन बुडावनवाला ने बताया कि जैन समाज नागदा में पहली बार 51 उपवास की कठिन तपस्या समाज के किडनीदानदाता श्री रमेशचन्द्र जैन तांतेड मुनिमजी ने की है। इतनी बड़ी तपस्या सहज नहीं है। इसी तप के चलते संयतमुनिजी ने कहा कि तपस्या करने से पुराने कर्मो का क्षय किया जा सकता है। कर्मो को या तो भोगो या तप करके क्षय करो। भगवान एवं साधु-साध्वी के दर्शन करना मंगलकारी होता है। साधु पंचमहाव्रत धारी होता है। उत्तम पुरूष को देखे तो भाव भी उत्तम होते है। शुभ भाव होंगे तो कर्म भी शुद्ध होंगे। मां-बाप कैसे भी हालात में बच्चों को बड़ा करते है। बड़े होने के बाद बच्चे कहते है कि आपने हमारे लिये किया ही क्या है ? तो बड़ा आघात लगता है। आदित्यमुनिजी म.सा. ने कहा कि कर्मो को क्षय करने की ताकत जीनशासन में होती है। खराब आचरण खराब चरित्र वाले व्यक्ति की संगत कभी नहीं करना चाहिये। सम्यक ज्ञान, चरित्र, दर्शन, तप को श्रद्धा से मानने वाला ही मोक्ष प्राप्त करता है। अनंत पुण्यवाणी से पांचो इंद्रीया मिली है। मोक्ष मार्ग के लिये आराधना जरूरी है। कल 19 जुलाई को पूज्य मालव केशरी सौभाग्यमलजी म.सा. की पूण्यतिथि 3-3 सामायिक एवं एकासने के साथ महावीर भवन में मनाई जावेगी। तेले लड़ी में मनोरमा भण्डारी, गुप्त उपवास छः, नौ उपवास श्रुति सुगम मुरड़िया एवं शशी संजय गोखरू के चल रहे है। रमेशचन्द्र जी तांतेड़ ने 51 उपवास का पारणा सकुशल कर लिया है।**

**आतिथ्य सत्कार मनोज, राजेन्द्र, रितेश चपलोद परिवार का चल रहा है। संचालन राजेन्द्र कांठेड़ ने किया एवं आभार उपाध्याय मुकेश धोका ने माना।**

# बड़नगर पुलिस ने अवैध वसूली एंव मारपीट करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन /बडनगर । पुलिस अधीक्षक महोदय उज्जैन श्री प्रदीप शर्मा के कुशल निर्देशन मे जिले मे अपराधियो की धरपकड हेतु विशेष प्राथमिकता दी जा रही है , । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) श्री मयूर खण्डेलवाल ,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बडनगर श्री महेन्द्र परमार के कुशल मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बडनगर अशोक कुमार पाटीदार व टीम व्दारा दिनांक 15.07.25 को अप.क्र. 492/25 धारा 308(5),296 ,324(4) बी.एन.एस. मे आरोपी उमेश गोसर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।




**घटना का विवरण**

दिनांक 15.07.25 फरियादी भुपेन्द्र पिता रामनाथ पथरोड जाति मेहतर उम्र 38 साल निवासी ग्राम ठक्कर बाबा कालोनी बडनगर ने मौखिक रिपोर्ट किया कि आज दिनांक 15.07.2025 को रात करीब 10.00 बजे अपने घर के बाहर खडा था तभी मेरे घर उमेश पिता संजय गोसर जाति मेहतर निवासी ठक्कर बाबा कालोनी बडनगर का अपने हाथ में लठ लेकर आया और मुझसे दादागीरी कर बौला कि मै ठक्कर बाबा कालोनी का दादा हूँ तुम्हे इस कालोनी में रहना है तो मुझे पैसे देने होगे और मेरे घर के दरवाजे को लठ की मारी और घर के बाहर लगे केमरे में लठ की मारकर सीसीटीवी केमरा तोड दिया मैने उसे तोडफोड करने से मना किया तो मुझे मां बहन की नंगी नगी गालिया देने लगा और मुझे लठ दिखाकर जान से से खत्म करने की धमकी दी फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना हाजा पर अपराध क्रमांक 492/25 धारा 308(5),296 ,324(4) बीएनएस दर्ज कर विवेचना मे लिया गया व आरोपी उमेश पिता संजय गोसर उम्र- 27 साल जाति मेहतर निवासी ठक्कर बाबा कालोनी बडनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । आरोपी के खिलाफ गाली गलौज मारपीट और अवैध हथियार रखने के कुल 5 अपराध दर्ज है ।

**विशेष भूमिका**

थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार, सउनि .गोर्वधन दास बैरागी ,आर. महेश मोर्य ,सै. उँकारलाल की सराहनीय भुमिका रही ।

# मेवाड़ा कलाल समाज झाबुआ मिडल में सपध ग्रहण समारोह संपन्न हुआ

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । मेवाड़ा कलाल समाज के अध्यक्ष एवं ट्रस्ट अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न,मेवाड़ा कलाल समाज के अध्यक्ष श्री रमेश चंद्र जी भटेवरा एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष भूपेंद्रजी भानपुरिया का शपथ ग्रहण समारोह साधारण बहुत अच्छे वातावरण में संपन्न हुआ

उसमें मुख्य अतिथि अहमदाबाद के उद्योगपति श्री सिद्धिविनायक इंडस्ट्रीज के मालिक श्री संजय जी गुप्ता रहे, मंच का संचालन श्री निलेश भनपुरिया ने किया, शपथ ग्रहण समारोह में संजय जी गुप्ता ने दोनों अध्यक्ष को शपथ ग्रहण करवाई एवं समाज के अध्यक्ष ने समाज में पूर्व में जो नियम एवं कुछ त्रुटियां चल रही थी उन्हें सुधारने का प्रयास करने का संकल्प लिया एवं नए-नए समाज को भवन के अंदर रूम बनवाना और अनेक कार्यों को आगे संचालन करने का भी संकल्प लिया, साथ ही मुख्य अतिथि आदरणीय संजयजी गुप्ता ने मेवाड़ा कलाल समाज धर्मशाला को तीन रूम बनाने बनवाने की भी घोषणा की ,इस अवसर पर मेवाड़ा कलाल समाज के गुजरात राजस्थान महाराष्ट्र के कई जिला अध्यक्ष एवं कई समाज की कार्यकारिणी के महानुभाव भी उपस्थित रहे ,यह सभी कार्य समाज के रमेश चंद्र जी भटेवरा के कार्यकारिणी के मेघनगर के युवा उद्योगपति तुषार इंडस्ट्रीज के मालिक एवं समाज के मेघनगर मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र भानपुरिया,पूर्व अध्यक्ष दाड़म चंद जी लोदावला ,समाज के उपाध्यक्ष अशोक लोदावरा, कोषाध्यक्ष श्री पंकज जी पडियार, न्यूज 24 के संवाददाता,समाज के मेघनगर मंडल के अध्यक्ष निलेश भानपुरिया, कल्याणपुर मंडल के अध्यक्ष राजेश जी भटेवरा, सारंगी मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र जी बसेर, समाज के उपाध्यक्ष देवी लाल जी सोलंकी एवं अनोखी लालजी रुपाखेड़ा इन सभी के सहयोग से कार्यक्रम का संचालन सही रूप से हो पाया एवं अच्छी तरह कार्य संपन्न किया गया आभार श्री सचिव अशोक जी चौहान ने किया।







# "उर्वरक विक्रेता पर एफ.आई.आर. एवं बीज विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित"

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । कलेक्टर नेहा मीना के द्वारा समय-समय पर प्रदत्त निर्देश के परिपालन में राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले के कृषि आदान विक्रेताओ के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण का कार्य प्रचलित है।

निरंतरता में गठित दल द्वारा पेटलावद विकासखण्ड के ग्राम मठमठ में उर्वरक विक्रेता फर्म कामधेनु कृषि सेवा केन्द्र का निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितता पाए जाने तथा अनाधिकृत रूप से 82 बैग्स रासायनिक उर्वरक भंडारण किये जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 में निहित प्रावधानो का उल्लंघन पाये जाने पर फर्म के प्रोपराईटर श्री शिवम पिता गोविन्द पाटीदार के विरूद्ध पुलिस थाना पेटलावद में प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त फर्म को प्रदाय उर्वरक अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला झाबुआ श्री एन.एस. रावत द्वारा बताया गया है कि बीज गुण नियंत्रण अन्तर्गत बीजो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु जिले के विभिन्न बीज विक्रेताओ के प्रतिष्ठानों से बीज नमूने संकलित कर शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला को भेजे गये थे। प्रयोगशाला से प्राप्त परिणाम में निम्नानुसार बीज विक्रय प्रतिष्ठान मेसर्स आजाद एग्रो ऐजेन्सी पेटलावद, वैभव निर्मल मेहता पेटलावद, प्रदीप रमेशचन्द्र मोन्नत पेटलावद, चौधरी ट्रेडर्स रायपुरिया, सपना ऐग्रो एजेन्सी रायपुरिया, साई सम्राट ऐग्रीटेक थांदला, रमेशचन्द्र चुन्नीलाल थांदला एवं सांवरिया ऐग्रो एजेन्सी बामनिया के बीज नमूने अमानक स्तर के पाये जाने पर 08 बीज विक्रेताओ के पंजीयन पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिये गये है तथा सोशल मिडिया पर वायरल विडियो होने पर थोक उर्वरक



विक्रेता फर्म गुरूकृपा ट्रेडर्स पेटलावद व फुटकर उर्वरक विक्रेता फर्म मुकेश अनोखीलाल भंडारी पेटलावद के उर्वरक विक्रय हेतु जारी किये गये पंजीयन पत्र भी निलंबित किये गये।

विभाग द्वारा जिले के किसानों से अपील की जाती है कि अधिकृत/ पंजीकृत कृषि आदान विक्रेताओ से ही आदान निर्धारित दर पर क्रय करे तथा पक्का बील आवश्यक ले।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!

अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।

टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स